हमसे सब कहते

नया शीर्षक

- **अगर तुम्हें इस कविता का नाम बदलने को कहें, तो तुम इसे क्या नाम दोगे?**

उत्तर हमें भी जीने दो अपनी तरह।

करो–मत करो

- **पाठशाला में और घर में तुम्हें क्या-क्या करने के लिए कहा जाता है और क्या-क्या करने के लिए मना किया जाता है। नीचे वाली तालिका में लिखो।**

उत्तर

करो	मत करो
• रोज सुबह उठो। • समय पर नाश्ता करो। • बिस्तर ठीक करो। • बड़ों का कहना मानो।	• दीवार पर पेंसिल मत चलाओ। • जोर से मत बोलो। • कॉपी-किताब विस्तर पर मत फैलाओ। • किसी से झगड़ा मत करो।

ज़रा सोचो

- सूरज चाँद की रोशनी को भगा देता है।
- बादल सूरज की रोशनी को भगा देता है।
- हवा बादल को भगा देती है। बताओ, कौन किससे ज़्यादा ताकतवर है?

उत्तर इनमें सबसे ज्यादा ताकतवर सूरज है। चाँद का अपना कोई प्रकाश नहीं होता। वह सूरज के प्रकाश से चमकता है। बादल सूरज की रोशनी को हमेशा के लिए कभी नहीं ढँकता बल्कि कुछ पलों के लिए। जैसे ही बादल छँटता है, सूरज की रोशनी फैल जाती है।

तुम्हारी बात

- **अम्मा, पापा, भैया, दीदी सभी बड़ों का बच्चों पर बस चलता है।**
- तुम्हारा किस-किस पर बस चलता है?

उत्तर दादी माँ पर।

- **तुम्हारे घर में तुम्हें कौन-कौन टोकता रहता है?**

उत्तर माँ, पापा, और भैया।

- **किन-किन बातों पर तुम्हें अक्सर टोका जाता है?**

उत्तर जब मैं देर तक टेलीविजन देखता हूं या शाम में देर तक खेलता हूँ।

कौन सी चीज़ कहाँ

- **शालू को बहुत-सी चीज़ों के नाम आते हैं। उसने नामों को लिख-लिखकर पट्टी भर ली। वे नाम मैंने नीचे लिख दिए हैं।**

शालू की सूची

शक्कर, कबड्डी, पपीता, मार-कुटाई, लोमड़ी, गुलाब जामुन, शेर, ककड़ी, शतरंज, बल्ला, मगर, लड्डू, गाय, बेर, पेड़ा, बकरी, गिल्ली, कबूतर, पतंग, मसाला, लट्टू, तोता, शहतूत, चटनी

उत्तर अब शालू सोच रही है कि किस नाम को किस खाने में लिखना है। क्या तुम उसकी मदद कर सकते हो?

उत्तर

अक्षर	जानवर या पक्षी	खाने-पीने का सामान	खेल का नाम या सामान
ब	बकरी	बेर	बल्ला
म	मगर	मसाला	मार-कुटाई

क	कबूतर	ककड़ी	कंकड़, कबड्डी
ल	लोमड़ी	लड्डू	लट्टू
प	पेड़ा	पपीता	पतंग
ग	गाय	गुलाब जामुन	गिल्ली
श	शेर	शक्कर	शतरंज

- **ऐसे ही खेल तुम और अक्षरों के साथ खेल सकते हो। अलग तरह के खाने भी बना सकते हो–जैसे 'ट' से शुरू होने वाली गोल या लाल चीज़।**

उत्तर अब हरेक खाने के नाम वर्णमाला के हिसाब से क्रम से लगाओ

जानवर या पक्षी	कबूतर, खरगोश, गाय, घोड़ा, हाथी
खाने पीने का सामान	ककड़ी, खरबूजा, गुलाबजामुन, छेना, जलेबी
खेल का नाम या सामान	क्रिकेट, बैडमिंटन, लट्टू, हॉकी, त्रिशूल

- **'हमसे सब कहते' कविता में जिन लोगों, चीज़ों और जगहों के नाम आए हैं, उन्हें नीचे दी गई तालिका में लिखो।**

उत्तर

लोग	चीज़	जगह
भैया अम्मा पापा	धूप चाँदनी हवा जलधार खिलौने	यहाँ अंदर घर-भर बाहर

यह कहानी तुमने कई बार सुनी होगी।

- **कौआ और लोमड़ी**

आओ, अब इन्हीं चित्रों से एक नई कहानी बनाएँ।

उत्तर

एक बार एक कौए को रोटी का एक टुकड़ा मिला।

कौए की चोंच में रोटी देखकर लोमड़ी के मुँह में पानी आ गया।

लोमड़ी ने एक तरकीब सोची। उसने कहा, कौआ भाई, तुम तो बहुत अच्छा गाते हो। मैं तुमसे एक गाना सुनना चाहती हूँ।

कौआ होशियार था। वह लोमड़ी की बातों में नहीं आया। रोटी का टुकड़ा पंजों में दबाकर लोमड़ी को अपना गाना अर्थात् कांव-कांव सुना दिया।

चालाक कौए के सामने लोमड़ी की दाल नहीं गली। वह अपना-सा मुँह लेकर चली गई।

कौआ आराम से रोटी का टुकड़ा खाने लगा।